परीक्षा की व्यवस्था एक परिपत्र के द्वारा समाप्त की गई जिसे केवल कुछ ही मंत्रालयों को भेजा गया और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इन अनियमितताओं को दूर करने के लिए अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में उप मंत्री (प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) जी, हां।

(ख) और (ग). यह रिक्त स्थान भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को परिपत्रित किया गया था जिसमें उक्त पद पर नियुक्ति हेतु प्रत्याशियों के लिए योग्यतायें और अनुभव निर्धारित किए गए थे। क्योंकि भर्ती तदर्थ आधार पर की जानी थी इसलिए कोई लिखित परीक्षा न लेने का निर्णय किया गया था।

(घ) प्रश्न नहीं उठता, क्योंकि कोई अनियमितता नहीं की गई है।

**ऊर्जा मंत्रालय के 'पावर विंग' में हिन्दी अधिकारी का पद भरने के बारे में अभ्यावेदन**

1298. श्री चन्द्र शैलानी : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या उनके मंत्रालय के 'पावर विंग' में हिंदी अधिकारी के पद को भरने हेतु लिए गए इन्टरव्यू तथा अपनाई गई अन्य प्रक्रिया के विरुद्ध बाहर के तथा मंत्रालय के कुछ उम्मीदवारों ने अभ्यावेदन भेजे थे ,

(ख) यदि हां, तो उन्होंने क्या आपत्तियां उठाई थी और उनके निराकरण के लिए क्या कार्यवाही की गई है ,

(ग) क्या एक ही पद विज्ञापित किया गया और अब 13 सितम्बर, 1974 के इन्टरव्यू के आधार पर हिंदी अधिकारी के दो या तीन पद भरे जा रहे है , और

(घ) 'पावर विंग' द्वारा विज्ञापित तथा वहीं के चेयरमैन की अध्यक्षता में गठित बोर्ड द्वारा किए गए तथाकथित चयन के आधार पर मंत्रालय में हिंदी अधिकारी के पदों को क्यों भरा जा रहा है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में उप मंत्री (प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद)**: (क) से (ग) इस चयन के विरुद्ध कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। इनमें मुख्य आपत्तियां ये थीं, कि साक्षात्कार में पूछे गए प्रश्न एक समान नहीं थे और कोई लिखित परीक्षा नहीं ली गई। इन आपत्तियों को अमान्य पाया गया। इस समय, 13-9-1974 को हुए चयन के आधार पर हिन्दी अधिकारी के किसी और पद को भरने का प्रस्ताव नहीं है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

**Kakkad Hydro-Electric Scheme pending with Planning Commission for clearance**

1297. SHRI R. BALAKRISHNA PILLAI: Will the Minister of PLANNING be pleased to state.

(a) whether Kakkad Hydro Electric Scheme is still pending clearance with the Planning Commission; and

(b) if so, the reasons for delay in giving clearance to it?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNNG (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA). (a) and (b). Kerala State Government forwarded to the Planning Commission the project report for this scheme in April 1974 for installing two 35 MK sets at the Kakkad power house. The estimated cost of the scheme is Rs. 1568 lakhs. The project report is presently under technical examination in the concerned Ministries whereafter it will be considered by the Technical Advisory Committee The Planning Commission will be able to consider the clearance of the scheme for inclusion in the Plan only after the